शिशुओं पर मोनोसोडियम ग्लूटामेट के प्रतिकूल प्रभाव

6701. **श्री सोम पाल:**
श्री शारदा महन्ती:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि जापान सहित विश्व के कई देशों में मोनोसोडियम ग्लूटामेट नामक रसायन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा है क्योंकि शिशु और सभी मनुष्यों को इसके प्रयोग से कुछ विशिष्ट बीमारियां हो जाती है,

(ख) क्या सरकार इस रसायन के कुप्रभावों की जांच के लिए कोई अध्ययन करवा रही है या कोई अध्ययन कराने का विचार रखती है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस अध्ययन का क्या नतीजा निकला है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) भोजन में मोनोसोडियम ग्लूटामेट जापान सहित अनेक देशों में निषिद्ध है। बहरहाल कुछ देशों ने शिशुओं के लिए इसका प्रयोग करने पर प्रतिबंध लगाया है।

(ख) और (ग) सरकार ने भोजन में मोनोसोडियम ग्लूटामेट के प्रतिकूल प्रभावों को विस्तृत रूप में जांच की है और खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 के तहत 12 महीने से कम आयु के शिशुओं के लिए इसके प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता।

योग के द्वारा एड्स को रोकथाम

6702. **श्री गोविन्दराव आदिक:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एड्स को प्रारंभिक अवस्था पर योग द्वारा काबू पाया जा सकता है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इंगलैंड के एक अस्पताल में कुछ रोगियों के एच०आई०वी० पॉजिटिव योग के द्वारा एच०आई०वी० नेगेटिव में परिवर्तित हो गये है,

(ग) क्या सरकार इस पद्धति के पीछे वैज्ञानिक आधार का पता लगाकर देश के भीतर ही इस उपचार का प्रयोग करने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं!

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) यह सिद्ध करने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि एड्स की प्रारंभिक अवस्था पर योग द्वारा काबू पाया जा सकता है।

(ख) सरकार को ऐसी किसी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है।

(ग) से (ङ) ये प्रश्न नहीं उठते।

Marketing Of A New Vaccine for Typhoid

6703. DR SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have noted the news item in the Hindu dated 22nd April, 1944 about the development and marketing of a new type of Typhoid vaccine:

(bl whether the vaccine has been recommended by WHO; and

(c) whether proper trails of this vaccine on Indian population have been conducted?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) The new oral typhoid vaccine has been evaluated by the WHO Chile and Indonesia. The vaccine has been approved for marketing in India with the condition that post-marketing surveillance data on safety and efficiency should continue to be generated and submitted to the Government So far data have been generated on 770 Indian children above six years of age. There was no definite case of typhoid seen in these children on a follow-up of nine months.